**ALL INDIA FAIR PRICE SHOP DEALERS' FEDERATION**

*Regd. No. District East/Society/273-2011 of Govt. of NCT. of Delhi*

Regd. Office : S-562, School Block, 'AKHAND HINDUSTHAN BHAWAN' Shakarpur, Delhi - 110 092, Mobile : 98110 12241/9871421221

Head Office : AC-164, Prafulla Kanan (East), Kestopur, Kolkata - 700 101, West Bengal

Phone : (033) 2591 3871 Mobile : 98301 35530 / 9748777000 / 9830235550 E-mail : gs@aifpsdf.org Website : www.aifpsdf.org WhatsApp : 9831241939/9830135530 Facebook : facebook.com@aifpsdf

Ref No : AIFPSDF/141/22 Dated : 08.02.2022

# दिनांक २५ जनवरी २०२२ की वर्चुअल बैठक का विवरण

हमारे कोलकाता स्थित प्रधान कार्यालय से एक वर्चुअल बैठक दो सत्रों में- पहला सुबह ११:०० बजे से दोपहर २:०० बजे तक और दूसरा शाम ४:०० बजे से ६:३० बजे तक बीच में 2 घंटे के विराम के साथ आयोजित की गई।

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पुष्पराज (काका) देशमुख जी ने अध्यक्षता की।

श्री ओंकार नाथ झा (झारखंड) -कार्यकारी अध्यक्ष, ऑ इं फे प्रा शाॅ डी फे ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ऑल इंडिया फेयर प्राइस शाॅप डीलर्स फेडरेशन का एक प्रतिनिधिमंडल 20 व 21 जनवरी 2022 को राष्ट्रीय महासचिव श्री बिश्वम्भर बासु के नेतृत्व में केंद्रीय खाद्य सचिव और आर्थिक सलाहकार के साथ एक सफल वार्ता की, नेफेड के मैनेजमेंट अधिकारियों के साथ सकारात्मक वार्ता को आगे बढ़ाने के प्रयासों की एवं इस प्रयास को देश के पांच लाख चौंतीस हजार जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के रोजी-रोटी व रोजगार के लिए शुभ संकेत बताया।

इन्होंने कहा कि फेडरेशन अपने लगातार प्रयास से जितने आदेश राज्य सरकारों को भेजवाने का काम करती है, उस पर राज्य की सरकारें समय पर अमल नहीं करती, इसके लिए सभी राज्यों के प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों और प्रदेश इकाइयों को सक्रिय होना होगा, उन्होंने अपने गृह राज्य झारखंड में CSC का निबंधन आरंभ होने बारे में अवगत करवाते हुए कहा कि इस योजना को लेकर राज्य झारखंड के राशन डीलर्स काफी उत्साहित हैं, उसी प्रकार LPG सिलिंडर जो अब सबसीडाईज्ड रेट में मिलने की बात आई है तो इससे भी देश व प्रदेश के उपभोक्ता व डीलर्स काफी उत्साहित हैं।

ऑल इंडिया फेडरेशन के इन प्रयासों से निश्चित रूप से राशन डीलरों की आय में वृद्धि होगी।

इन्होंने सभी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों से अपील की कि सभी मिलकर राष्ट्रीय फेडरेशन से अपील की कि सभी मिलकर राष्ट्रीय फेडरेशन को आर्थिक रूप से सहयोग करें जिससे हमारे राष्ट्रीय फेडरेशन को अपना कार्य सम्पादित करने में सुविधा हो सके। इन्होंने कहा कि झारखंड राज्य सबसे पहले सहयोग करने के लिए इच्छुक है तथा झारखंड राज्य की तरफ से हमेशा सेवा व सहयोग का भरोसा दिलाते है।

क्रमानुसार जिन पदाधिकारियों ने अपने राज्यों की समस्याओं का जिक्र किया एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए :-

१. **श्री धरणीधर बोरा, असम** - राज्य में केंद्र द्वारा निर्धारित कमीशन से कम कमीशन दिए जाने का मुद्दा उठाया और संगठन को सहयोग करने की अपनी भावनाओं को प्रकट करते हुए हमेशा राष्ट्रीय संगठन के साथ होने विश्वास दिलाया।

**श्री देवेन चंद्र बोरा** ने अपने राज्य के ब्लॉक स्तर पर हो रहे भ्रष्टाचार से केंद्रीय कमेटी को अवगत करवाया।

Continued............

१. **श्री दयानंद प्रसाद, बिहार** राज्य सरकार के उदासीन रवैया का मामला उठाया। राज्य सरकार द्वारा राशन दुकानदारों के प्रति गंभीर नहीं होने और राशन दुकानदारों के कमीशन में वृद्धि के झूठे आश्वासन देकर बेवकूफ बनाने का आरोप लगाते हुए सरकार की कार्यप्रणाली और उदासीनता को गंभीरता के साथ राष्ट्रीय कमेटी के समक्ष रखा तथा बिहार में सरकार के खिलाफ ठोस कदम उठाने को लेकर केंद्रीय कमेटी के मार्गदर्शन की मांग की तथा तथाकथित अधिकारी द्वारा अवांछित शुल्क लिए जाने का मुद्दा भी उठाया।

२. **श्री विजय कुमार धृतलहरे, छत्तीसगढ** ने राशन डीलर्स के हो रहे शोषण के मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जिक्र किया कि राज्य सरकार मनमाने तरीके से केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे ₹70 क्विंटल का कमीशन न देकर केवल ₹30 कमीशन दे रही है वह भी बहुत देरी के साथ जबकि ₹40 खुद राज्य सरकार अपने पास रख रही है विभिन्न राज्यों की अपेक्षा छत्तीसगढ़ राज्य के राशन डीलर्स का बहुत शोषण किया जा रह है जो कतई बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।

**श्रीमती लक्ष्मीनिया उईके, महिला प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ** ने सभी प्रदेशों में पुरुष राशन दुकानदारों के साथ-साथ महिला राशन दुकानदारों के द्वारा भी राशन की दुकानों का संचालन किए जाने का मुद्दा उठाते हुए राष्ट्रीय कार्यकारिणी से मांग की कि महिलाओं को भी संगठन में भागीदारी का मौका दिया जाना चाहिए और महिला तथा पुरुष राशन डीलर्स को मिलकर कार्य करने का मौका मिले और जिस प्रकार राष्ट्रीय कमेटी में प्रत्येक प्रदेशों से पुरुष प्रतिनिधित्व कर रहे हैं उसी तर्ज पर महिलाओं को भी राष्ट्रीय संगठन में स्थान दिया जाए तथा प्रदेशों में भी महिलाओं को बराबर की भागीदारी निभाने का अवसर दिए जाने का सुझाव रखा।

**श्री राम देव सिन्हा** जी ने अपने छत्तीसगढ़ राज्य के माननीय मुख्यमंत्री जी से जल्दी मिलने व अपने छत्तीसगढ़ प्रदेश की समस्याओं को रखने के लिए राष्ट्रीय संगठन के मार्गदर्शन की मांग की और राज्य में कमीशन की असमानता पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए केंद्रीय कमेटी से कमीशन बढ़वाने व पूरे देश में एक कमीशन लागू करवाने की मांग की।

३. **श्री शीशपाल गोदारा, हरियाणा,** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने संगठन के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय संगठन को धन्यवाद दिया व संगठन में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की व निष्क्रिय लोगों पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया और संगठन को सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार हेतु मजबूती प्रदान करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों से आह्वान किया कि वह राष्ट्रीय संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रत्येक प्रदेश से युवाओं को आगे लाएं व प्रत्येक राज्य इकाई अपने प्रदेश में मजबूत संगठनों का निर्माण करें, युवाओं और महिलाओं को प्राथमिकता देने पर जोर दें, प्रत्येक प्रदेश तथा राष्ट्रीय संगठन का प्रत्येक प्रदेश तथा राष्ट्रीय संगठन का तन मन धन से सहयोग करें हरियाणा की तरफ से राष्ट्रीय संगठन को सुप्रीम कोर्ट जाने हेतु आर्थिक सहयोग का भरोसा दिलाया व सभी राज्यों से भी आर्थिक सहयोग की अपील की। नाफेड के प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय संगठन से निवेदन किया क्योंकि इस प्रकार के प्रोजेक्ट के माध्यम से अतिरिक्त कार्य करने से राशन डीलर्स की आमदनी में इजाफा होने की पूरी संभावनाएं है।

४. **जनाब कलीमुल्ला, आंध्र प्रदेश** ने राज्य मोबाइल डिपो यूनिट(MDU) के बारे में गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राशन दुकानदारों के अहित में बताते हुए उनको मासिक मानदेय दिए जाने की मांग उठाई और राष्ट्रीय संगठन से निवेदन किया कि आंध्र प्रदेश की तरफ से NFSA 2013 के नियमों का उल्लंघन का हवाला देते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दाखिल करने हेतु मार्गदर्शन की इच्छा जाहिर की तथा देश के सभी राशन डीलर्स को एक होकर आंदोलन करने का आह्वान किया।

५. **इन्जीनियर गुरजिंदर सिंह सिदधू, पंजाब,** राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने पंजाब सरकार द्वारा एनएफएसए 2013 के तहत केंद्र द्वारा निर्धारित ₹70 प्रति क्विंटल के कमीशन में से केवल ₹50 प्रति क्विंटल का कमीशन दिए जाने का मामला उठाया और कई बार मांग करने के उपरांत भी सरकार का उदासीन रवैया बना हुआ है। अन्य प्रदेशोंकी

Continued..............

तरह ₹70 कमीशन दिलाए जाने की मांग उठाते हुए पंजाब की राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया।

६. **श्री गिरीश तिवारी, उत्तर प्रदेश** ने सत्ता परिवर्तन का जिक्र करते हुए कहा कि काफी प्रयास करने के बावजूद भी सरकार की उदासीनता का जिक्र किया और कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में राशन डीलर का भरपूर शोषण किया जा रहा है। ₹70 क्विंटल कमीशन में आज की महंगाई में गुजारा हो पाना बहुत मुश्किल है।

**श्री राजेश तिवारी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष** ने संगठन को बताया कि उत उत्तर प्रदेश में राज्य सरकार ने जन वितरण प्रणाली दुकानदारों पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया। समस्त उत्तर प्रदेश के कोटेदार नाराज हैं और कोटेदारों में सरकार के प्रति काफी रोष है जिसके चलते समाजवादी पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनने जा रही हैं इस पर महासचिव महोदय ने श्रीमान अखिलेश यादव जी से जल्द कोटेदारों को मीटिंग करने की सलाह दी।

७. **का०ॅ० चंद्रकांत यादव, महाराष्ट्र** श्री यादव ने राष्ट्रीय संगठन को एक बड़ा आंदोलन करने का सुझाव दिया जिसके अंदर पूरे देश के राशन डीलर और परवाना धारक सड़कों पर आकर अपना आक्रोश व्यक्त करें तथा पूरे देश में पीडीएस प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार से मांग करें।

**श्री डी. एन. पाटील** ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की कार्यशैली की सराहना करते हुए पूरे महाराष्ट्र की तरफ से सदैव राष्ट्रीय संगठन के साथ सहयोग करने का भरोसा दिलाया और राष्ट्रीय संगठन से एक बड़े आंदोलन की मांग की जिसमें महाराष्ट्र की तरफ से पूर्ण रुप से सहयोग देने तथा हैंडलिंग लॉस की मांग नही मानने की सूरत में माननीय उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने में महाराष्ट्र के द्वारा पूर्ण सहयोग का भरोसा भी उन्होंने दिलाया।

**श्री राजेश अंबुस्कर** ने राष्ट्रीय संगठन को मजबूत बनाने के लिए सभी प्रतिनिधियों को बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की।

८. **श्री ज्योतिधर सिंह, तेलंगाना** ने राष्ट्रीय संगठन के द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए राष्ट्रीय संगठन का धन्यवाद करते हुए राष्ट्रीय संगठन की प्रचार प्रसार के लिए सभी प्रकार के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया।

९. **जनाब अब्दुल रहीम शाह, जम्मू – कश्मीर** ने कमीशन नहीं दिए जाने का मामला उठाते हुए राष्ट्रीय संगठन को जम्मू कश्मीर की समस्याओं से अवगत करवाया। केंद्र से मांग की कि सभी राज्यों में एक समान कमीशन लागू करवाए जान से मांग की कि सभी राज्यों में एक समान कमीशन लागू करवाए जाने का प्रावधान करे

**जनाब साबिर** ने जम्मू कश्मीर में संगठन की गुटबाजी का मामला उठाते हुए युवाओं की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया तथा राष्ट्रीय संगठन से मांग किया कि जम्मू कश्मीर में एक राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग बुलाई जाए जिसमें हम सभी जम्मू कश्मीर के राशन डीलर राष्ट्रीय संगठन के साथ जुड़ना चाहते हैं और उन्होंने संगठन से मांग की कि कमीशन की मांग को दरकिनार करके केवल वेतन और मानदेय की मांग को उठाया जाए जिससे सभी राशन डीलर को रोजगार की सुरक्षा मिले तथा राष्ट्रीय संगठन से आग्रह किया कि जम्मू कश्मीर के संगठन के वरिष्ठ नेताओं को भी युवाओं को साथ लेकर चलने की मांग की जिससे सरकार पर राशन दुकानदारों का दबाव बनाया जा सके।

१०. **मैजियांग गोनमेल, नागालैंड** ने अपने प्रदेश की बकाया कमीशन की समस्या से राष्ट्रीय संगठन को अवगत करवाते हुए नागालैंड सरकार द्वारा राशन डीलर की समस्याओं पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया तथा राष्ट्रीय संगठन से मार्गदर्शन की मांग की।

११. **जनाब अनवर खान, मेघालय** ने अपने वक्तव्य में राष्ट्रीय संगठन की प्रशंसा करते हुए अपने राज्य में एन एफ एस ए 2013 के तहत पूरा कमीशन नही दिए जाने की मांग उठाई तथा संगठन से एक बड़े आंदोलन की

Continued..............

रूपरेखा तैयार करने की मांग की तथा राष्ट्रीय संगठन के द्वारा राशन डीलर्स के हित में उठाए जा रहे कदम के लिए राष्ट्रीय महासचिव महोदय को कोटि कोटि धन्यवाद दिया।

१२. **श्री राजीव मुरारी, उत्तराखंड** ने बताया कि उत्तराखंड सरकार राशन डीलर्स का बहुत शोषण कर रही है, जो भी कमीशन के लिए राशि केंद्र व राज्य सरकार की तरफ से जारी की जाती है उसको दूसरे मद में विभाग द्वारा प्रयोग कर लिया जाता है और लेटलतीफी के साथ कमीशन जारी किया जाता है। कोरोना की गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए सभी विभागों में प्रयोग कर लिया जाता है और लेटलतीफी के साथ कमीशन जारी किया जाता है। कोरोना की गंभीर परिस्थितियों को देखते हुए सभी विभागों में बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण पर रोक लगाई गई है जबकि राशन डीलर्स के जीवन को जानबूझकर खतरे में डाला जा रहा है। इस पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय संगठन को वैकल्पिक व्यवस्था की मांग पर जोर दिया जाना चाहिए।

१३. **श्री राजेश ठाकुर, हिमाचल प्रदेश** ने सरकार के साथ सकारात्मक बातचीत को विस्तार से रखा और बताया कि हिमाचल सरकार ने चीनी में कमीशन बढ़ाकर 50 रुपए करने का आश्वाशन दिया है तथा खाली बैग राशन डीलर्स को देने का आश्वाशन भी सरकार द्वारा दिया गया है।

**श्री हरीश कुमार सीप्पी** ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा राशन डीलर के लिए कल्याणकारी नीतियां लागू करने के बारे में गंभीरता से विचार करने की मांग की तथा कहा कि हिमाचल प्रदेश में संगठन मजबूती से कार्य कर रहा है। हिमाचल में राशन डीलर्स के लिए एक मजबूत नीति का निर्माण हो ऐसा सुझाव राष्ट्रीय संगठन के समक्ष रखा।

१४. **श्री भरत दवे जी** ने मध्य प्रदेश की राज्य सरकार की तानाशाही और राशन डीलर्स के शोषण के मुद्दे को गंभीरता से उगंभीरता से उठाया। सरकार के साथ संघर्ष का जिक्र करते हुए बताया कि सरकार द्वारा राजनीतिक द्वेष के तहत राशन डीलर्स के नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है, लेकिन हमारा संघर्ष जारी रहेगा।

१५. **श्री डिंपल कुमार शर्मा** जी ने राजस्थान सरकार द्वारा जारी किए गए राशन डीलर्स के लिए कोरोना से मृत्यु होने पर 50 लाख रुपए मुआवजा राशि देने के लिए लोकसभा स्पीकर श्री ओम बिड़ला जी का धन्यवाद करते हुए राष्ट्रीय संगठन से मांग की कि यह मुआवजा राशि पूरे देश के राशन डीलर्स के लिए लागू करवाने पर शीर्ष नेतृत्व विचार करे।

**श्री सेवाराम जी** ने राजस्थान के संगठन की सराहना करते हुए संगठन के युवा कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया और श्री डिंपल कुमार शर्मा जी के कार्य की प्रशंसा की।

१६. **श्री नायकोटी राजू** ने तेलंगाना प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा कमीशन कम दिए जाने की समस्या उठाई और समय पर कमीशन नही देने को भी एक गंभीर समस्या बताया।

**श्री के. कृष्णमूर्ति, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष,** श्री के कृष्णमूर्ति जी ने राष्ट्रीय संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए सभी प्रदेशों का आह्वाहन किया तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री शीशपाल गोदारा जी के द्वारा राष्ट्रीय संगठन को ऑनलाइन फंडिंग प्लेटफॉर्म जैसे:- गूगल पे, फोन पे, पेटीएम और कुटुंब ऐप के माध्यम से राष्ट्रीय संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के सुझाव का समर्थन किया तथा सभी प्रदेशों से अपील की कि आने वाले समय 15 फरवरी तक हैंडलिंग लॉस के मुद्दे पर केंद्र व राज्य सरकारें कोई सकारात्मक निर्णय नही लेती है तो हमारा राष्ट्रीय संगठन माननीय उच्चतम न्यायलय की शरण में जाने पर विचार करे। जिसमें हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र सहित सभी राज्यों ने आर्थिक सहयोग का भरोसा महासचिव महोदय को दिलाया।

१७. **गुजरात राज्य इकाई के नेतृत्व** ने इस बैठक में अपनी समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

Continued..............

राष्ट्रीय महासचिव महोदय का संबोधन श्री बिश्वम्भर बासु जी राष्ट्रीय महासचिव महोदय ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय संगठन के द्वारा किए गए प्रयासों का ब्योरा देते हुए विभिन्न उपलब्धियों के बारे में देश के ५.३४ लाख राशन दुकानदारों की आमदनी बढ़ाने को लेकर किए गए प्रयासों का विवरण दिया जो इस प्रकार है :-

आप सभी साथियों को बताना चाहता हूं कि दिल्ली में केंद्रीय सचिव महोदय एवम नेफेड के उच्चाधिकारियों के साथ मुलाकात की गई जिसमें बहुत से महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई आपको जानकर खुशी होगी कि जो हमारी मांग एवम मुद्दे सरकार के सामने विचाराधीन थे उनमें से जो लागू होने जा रहे है व जिनपर राष्ट्रीय संगठन के बीच सहमति बनी है अथवा पूरा करने का आश्वाशन केंद्रीय अधिकारियों द्वारा संकेत मिला है, वे इस प्रकार है:-

1. पूरे देश में 1 अप्रैल से राशन डीलर्स का कमीशन बढ़ने जा रहा है (जो सरकार के पास विचाराधीन है )
2. केंद्र सरकार ने 1 किलो दाल चना/ तूर(अरहर)/मूंग आदि और 1 ltr सरसों तेल सब्सिडाइज्ड रेट पर एनएफएसए के तहत 81 करोड़ लोगो को देने का वादा किया है।
3. नाफेड का घरेलू उपयोग का सारा सामान रियायती दरों पर पीडीएस राशन दुकान के माध्यम से दिया जायेगा।
4. सीएससी (CSC) सेंटर को राशन दुकान के साथ जोड़ दिया गया है।
5. गैस सिलेंडर 5 किलो वाला सब्सिडाइज्ड रेट पर दिये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलेगी।
6. मदर डेयरी के उत्पाद जैसे :- दूध, मक्खन, पनीर, आइसक्रीम और दूध से बनी सभी प्रकार की वस्तुएं 50% सब्सिडाइज्ड रेट पर राशन डिपो होल्डर के माध्यम से बिकवाने का फैसला लिया गया है।
7. हैंडलिंग लॉस के लिए सभी राज्यों की सरकारों को लिखा गया है(नही मानने की सूरत में सुप्रीम कोर्ट में केस किया जाएगा)
8. देश में कोरोना के कारण मृत्यु होने वाले राशन डीलर को 50 लाख का मुआवजा पूरे देश के राशन डीलर्स को दिलवाने के लिए सुप देश के राशन डीलर्स को दिलवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट जाने पर विचार किया जाएगा।
9. पूरे देश के राशन दुकानदारों को पंजाब नेशनल बैंक की सीएसपी (Customer Service Point) दिलवाई जायेगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का संबोधन श्री पुष्पराज काका देशमुख माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने राष्ट्रीय महासचिव महोदय की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आज पूरे देश में संगठन को पहचान दिलाने के लिए महासचिव महोदय को धन्यवाद दिया और एक सफल नेतृत्व के रूप आज संगठन के साथ देश के 5.34 लाख राशन दुकानदारों को परिवार के रूप में जोड़ने के साहसिक कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि हमारे लोकप्रिय नेता श्री विश्वंभर बासु दादा बहुत अच्छा कार्य कर रहे है उन्होंने देश के सभी राशन दुकानदारों को साथ लेकर काम कर रहे है। देश के सभी राशन डीलर्स को उनके

कंधे से कंधा मिलाकर काम करना चाहिए। जितनी मेहनत दादा कर रहे है पूरे देश के राशन दुकानदार हमेशा उनका ऋणी रहेंगे उपरोक्त सभी मांगों को केंद्र सरकार द्वारा मंजूर किया गया है जिसका संपूर्ण श्रेय आदरणीय महासचिव महोदय श्री बिश्वम्भर बासु जी और राष्ट्रीय शीर्ष नेतृत्व को जाता है। हम राष्ट्रीय महासचिव को कोटि कोटि धन्यवाद देते है जिनके अथक प्रयासों से यह सब संभव हो पाया है।

**आज की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय कार्यसमिति में किसी भी सदस्य का फेरबदल / नियुक्ति कर सकते हैं।**

**श्री पुष्पराज देशमुख (काका)**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष**

JD(2)